# सीएस, सहायक प्रबंधक व आरएमओ को नोटिस

## एक्शन मूड में दिखे नवागत कलेक्टर, कहा - जिला चिकित्सालय में बहुत कुछ करने की जरूरत है

**सिंगरौली 6 अक्टूबर. सोमवार की सुबह करीब 9.40 बजे नवागत कलेक्टर गौरव बैनल अचानक जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर पहुंचे.**

कलेक्टर के निरीक्षण में कई कमियां मिली हैं. जिस पर सिविल सर्जन, सह अस्पताल अधीक्षक, कल्पना रवि, सहायक प्रबंधक जिला चिकित्सालय पूनम रावत एवं आरएमओ डॉ. राजेश कुमार बैस को कलेक्टर ने खुद नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर जवाब मांगा है. कलेक्टर ने नोटिस जारी करते हुये कहा कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का अभाव पाया गया. ड्यूटी डॉक्टरर्स अनुपस्थित पाये गये. अस्पताल के कर्मचारीगण भी निरीक्षण में



गैरहाजिर मिले. वार्डो में मरीजों से संबंधित रिकॉर्ड का व्यवस्थित संधारण किया जाना नही पाया गया. कलेक्टर ने तीनों स्वास्थ्य सेवको को नोटिस के माध्यम से कहा है कि अपने मूलभूत शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता बढ़ती जा रही है. तीन दिवस के अंदर लिखित रूप में जवाब प्रस्तुत करे. अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी.

### डाईट चार्ट का नहीं हो रहा पालन

कलेक्टर ने भर्ती मरीजों को दिए जाने वाले भोजन, नाश्ते की जानकारी लेने के पश्चात रसोई कक्ष का भी अवलोकन किया तथा निर्देशित किया कि भर्ती मरीजो को समय पर नाश्ता एवं मेनू के अनुसार भोजन प्रदाय किया जाए. निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर बैनल ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अस्पताल के स्वच्छता, दवा वितरण व्यवस्था, मरीजो को उपलब्ध व्यवस्थाएं सहित समय पर ओपीडी का संचालन हो, सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ किया जाए.

### जब कलेक्टर ने डॉ. गंगा बैस का लगाया फोन

कलेक्टर जिला चिकित्सालय के गहन चिकित्सा शिशु केन्द्र समेत सभी वार्डो का जायजा ले रहे थे. लेने के बाद जैसे ही डॉ. गंगा बैस के कक्ष के पास पहुंचे, वहां मरीजो के लम्बी कतारे देखकर सिविल सर्जन से पूछतांछ करने लगे. इस दौरान करीब 10 बजे तक डॉ. गंगा बैस अस्पताल नही पहुंचे थे. सिविल सर्जन से जानकारी लेने के बाद डॉ. गंगा बैस का मोबाइल नम्बर लेकर कलेक्टर ने डायल किया और डॉ. बैस से अस्पताल पहुंचने समय के बारे में जानकारी लिया है. कलेक्टर के आवाज को सुनते ही चिकित्सक आनन-फानन में पहुंचे.

# एसएलपी दायर करने उपलब्ध करवाएं रिकॉर्ड

**जबलपुर 6 अक्टूबर. ग्वालियर बेंच के एकलपीठ द्वारा पारित आदेश में शिवपुरी जिले के सत्र न्यायाधीश के खिलाफ की गयी टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए युगलपीठ ने हाईकोर्ट को सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर करने के निर्देश दिये थे.**

संज्ञान याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की तरफ से बताया गया कि संबंधित प्रकरण का रिकॉर्ड अभी तक उन्हें नहीं मिला है. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस डी डी बसंल की युगलपीठ ने हाईकोर्ट को रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी करते हुए अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को निर्धारित की है. गौरतलब है ग्वालियर की एकल पीठ ने कथित धोखाधड़ी के आरोपियों के द्वारा दायर दो अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर विचार करते हुए कहा था कि इस आदेश की एक प्रति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के प्रधान रजिस्ट्रार को भेजी जाए और उसे मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया जाए ताकि शिवपुरी के प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विवेक शर्मा) के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुमति मिल सके, जिन्होंने मामले के तथ्यों पर विचार किए बिना व आवेदक को जमानत का लाभ दिलाने के लिए वर्तमान आवेदक को दंडनीय अपराधों से मुक्त कर दिया था. ऐसा प्रतीत होता है प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का आवेदक के खिलाफ केवल भारतीय दंड संहिता की धारा 406 के तहत आरोप लगाने का गुप्त उद्देश्य है ताकि उसे अनुचित लाभ मिल सके.

### प्रोसेसिंग फीस के रूप में 10 लाख लेने के नियम को चुनौती

मप्र हाईकोर्ट ने एमबीबीएस काउंसलिंग में भाग लेने वाले छात्रों से प्रोसेसिंग फीस के रूप में 10 लाख रुपये लेने के नियम को चुनौती देने वाले मामले को गंभीरता से लिया. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस डीडी बंसल की युगलपीठ ने मामले में मेडिकल एजुकेशन विभाग के प्रमुख सचिव, डीएमई और आर के डी एफ मेडिकल कालेज भोपाल को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है. यह मामला अमरावती निवासी तेजस रवीश अग्रवाल सहित अन्य की ओर से दायर किये गये है.

# पाटन जा रहा 16 .49 क्विंटल मावा जब्त

### दमोह में खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**दमोह, 6 अक्टूबर.शहर में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे खाद्य विभाग के डीओ राकेश अहीरवाल ने 16.49 क्विंटल मावा जब्त किया है. जिसके मिलावटी होने की आशंका है. दमोह खाद्य विभाग के डीओ राकेश अहिरवाल ने यह कार्रवाई की है.**

उन्होंने बताया कि कोतवाली टीआई मनीष कुमार व आरक्षक जितेंद्र मिश्रा से उन्हें सूचना मिली थी कि टीकमगढ़ से बड़ी मात्रा में मिलावटी मावा परिवहन कर ले जाया जा रहा है.सरस्वती स्कूल के



पास बस क्रमांक एमपी 36 पी 0322 छत्रपाल बस सर्विस को खाद्य विभाग टीम ने रुकवाकर जब उसकी तलाशी ली, तो बस की छत पर कई बोरियों में सफेद मावा रखा मिला, जो देखने पर मिलावटी लग रहा है.इसलिए पूरे मावे को जप्त कर लिया है और अब खाद्य सुरक्षा अधिकारी आगे की कार्रवाई कर रही हैं.डीओ अहिरवार ने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं मिली है कि यह मावा किसका है और पाटन के अलावा और कहां-कहां जा रहा था. यह पूरी जांच की जाएगी. यदि मावा दूषित पाया जाता है तो जो भी लोग इसका परिवहन कर रहे थे,उनके खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी.

प्राप्त जानकारी के अनुसार जप्त मसरूका 1649.67 किलोग्राम कीमती करीब 4 लाख 12418 रुपए बताई गई है.यदि कोई व्यक्ति बिल प्रस्तुत नहीं करता है या फिर सामने नहीं आता है तो बस चालक पर कार्रवाई की जाएगी और यह जानकारी एकत्रित की जाएगी कि यह मावा किसके द्वारा भेजा गया था और कहां जा रहा था.

## बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, पांच घायल

**रीवा, 6 अक्टूबर.** शहर के समान थाना अन्तर्गत समान फ्लाई ओवर में एक अनियंत्रित बोलेरो ने तीन मोटर साइकल चालको को ठोकर मारने के बाद पलट गई. पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. जिन्हे आनन-फान उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया है. समान थाने से चंद कदम पर यह घटना हुई है. मौके पर पहुंची पुलिस ने पलटी बोलेरो को स्थानीय लोगो के सहयोग से खड़ा कराया. जिसके नीचे एक मोटर साइकल दबी हुई थी. इस हादसे के बाद कुछ देर तक फ्लाई ओवर में जाम लगा रहा. बताया गया है कि तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित हो गई, जिसमें कई लोग बैठे हुए थे.

# पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद दी जाएगी

### चिटनिस ने मृतकों के परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त की

**पंधाना, 6 अक्टूबर. विजयदशमी के दिन ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलट जाने से उस गंभीर हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई थी. जिसमें 5 बच्चे भी शामिल थे.**

घटना के बाद सोमवार को प्रदेश प्रवक्ता बुरहानपुर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस पंधाना विधानसभा के ग्राम पाडला फाटा पहुंचीं. उन्होंने परिजनों के साथ मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की. श्रीमती चिटनिस ने कहा कि सरकार आप



सभी के साथ हैं. पीड़ित परिवारों की शासन से हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया. मृत लोगों के परिजनों की पीड़ा सुनकर बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस रो पड़ीं. उन्होंने कहा कि यह बड़ी दुखद घटना है. जब जानकारी लगी तो मन बहुत दुखी हुआ और फिर आपसे मिलने आई. अर्चना चिटनिस ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि माताजी की विसर्जन यात्रा के दौरान हुए हृदयविदारक हादसे में 11 लोगों की मृत्यु हो गई. मृतकों व घायलों के परिवारजनों से मुलाकात कर उनके दुःख में सहभागी बनी.

### दुख व्यक्त किया

अर्चना चिटनिस ने खंडवा जिले की पंधाना विधानसभा के ग्राम अंजनगांव में विगत दिनों माताजी के विसर्जन के दौरान घटी दुखद घटना में मृतक रामदेव चौहान के निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की व शोक संवेदना व्यक्त की. साथ ही घायलों से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना. श्रीमती चिटनिस ने कहा इस कठिन समय में हम सभी मृतक परिवार के साथ हैं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं. इस दौरान चिटनिस के साथ पंधाना विधायक छाया मोरे, खंडवा भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर मौजूद रहे.

# अंबेडकर पर टिप्पणी मामले में पूर्व अध्यक्ष एड .मिश्रा पर मामला दर्ज

**ग्वालियर, 6 अक्टूबर. डॉ. भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा पर ग्वालियर पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की है.**

दलित संगठन और ओबीसी महासभा सहित कांग्रेस ने आज एसपी ऑफिस का घेराव कर एडवोकेट मिश्रा के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी. एड. मिश्रा ने अपने खिलाफ कार्रवाई पर प्रतिक्रिया जताते हुए कहा है कि वे किसी भी दवाब या प्रशासनिक कार्रवाई के आगे नहीं झुकेंगे.



उन्होंने कहा कि उनकी सोच किसी जाति या वर्ग विशेष के खिलाफ न होकर राष्ट्रहित में है जिसे वे बदल नहीं सकते. उन्होंने कहा कि वोटों की राजनीति के चलते प्रशासन ने कुछ लोगों के दवाब में आकर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है. इस बीच कुछ ब्राह्मण संगठनों ने अनिल मिश्रा के समर्थन में कल एसपी ऑफिस के घेराव की चेतावनी दी है.

# नुकसान का मुआवजा मिलने में होगी समस्या

### सर्वे आदेश वाले दिन ही कम नुकसान की रिपोर्ट भेज दी

**सुसनेर, 6 अक्टूबर. जिस तारीख में जिला प्रशासन ने पूरे आगर जिले के किसानों को अतिवृष्टि कीट व्याधि से फसलों के नुकसान का सर्वे आदेश जारी किया.**

इस तारीख को इस नुकसान की निरंक सर्वे रिपोर्ट बनाकर राहत आयुक्त भोपाल को भेजने का कारनामा आगर जिला प्रशासन ने कर दिखाया है, प्रशासन के ऐसा करने की वजह से पूरे जिले के किसान सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक से हुए नुकसान का मुआवजा पाने से वंचित रह गए हैं. समूचा आगर जिले में सोयाबीन की फसल पीला मोजेक रोग से ग्रस्त होने तथा बारिश की अधिकता के कारण सोयाबीन की फसल नष्ट हो गई थी उसके बाद किसानों ने फसल के नुकसान की मांग की. जिला प्रशासन ने 25 सितंबर को आदेश क्रमांक 942 जारी करके आगर जिले के सभी तहसीलदारों को सोयाबीन में हुए नुकसान का सर्वे करने के आदेश दिए थे किंतु 25 सितंबर को ही जिला प्रशासन ने पत्र क्रमांक 942 के जरिए ही राहत आयुक्त भोपाल को जिले की पांचों तहसीलों में किसानों के नुकसान का प्रतिशत 15 से 22 तक बताते हुए राहत राशि की मांग संबंधी कालम में निरंक लिखकर राहत आयुक्त भोपाल को को भेज दिया. जिस कारण से पूरे जिले के किसान शासन से राहत राशि पाने से वंचित रह गए.

### 1 लाख 32 हजार 381 हेक्टेयर जमीन का सर्वे

अब यह कैसे हो सकता हैं कि जिस तारीख में सर्वे करने का आदेश जारी हो उसी तारीख में जिले की आगर बडौद सुसनेर सोयत और नलखेड़ा तहसीलों के 512 ग्रामों की एक लाख 32 हजार 381 हेक्टेयर जमीन का सर्वे भी हो जाए और उस की जांच रिपोर्ट भी सरकार के पास पहुंच जाए इस बात को आगर जिले के अधिकारियों द्वारा जारी दोनों पत्रों से समझा जा सकता है कि किस तरह लापरवाही बरती जा रही है.

## राज्यमंत्री कृष्णा गौर आज चित्रकूट आयेंगी

**सतना.** मध्यप्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर 7 अक्टूबर को प्रात: 6.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी. निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्यमंत्री कृष्णा गौर प्रात: 8.30 बजे आरोग्यधाम चित्रकूट पहुंचकर प्रात: 9.30 बजे कामदगिरी की परिक्रमा, पूजन करने के उपरांत उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट में भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगी. राज्यमंत्री गौर सायं 6.30 बजे चित्रकूट से सतना पहुंचकर रात्रि 8.50 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल प्रस्थान करेंगी.

# 8263 विद्युत विहीन परिवारों के लिए 39 .79 करोड़ स्वीकृत

### सांसद अनिता चौहान ने जिले के लिए किया प्रयास

**आलीराजपुर 6 अक्टूबर. लोकसभा चुनाव के दौरान रतलाम झाबुआ आलीराजपुर संसदीय क्षेत्र में प्रवास के दौरान कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान के समक्ष विद्युत विहीन परिवारों की समस्या सामने आई.**

जिसके लिए मंत्री चौहान ने सभी जगह स्पष्ट वादा किया कि अनिता चौहान के सांसद बनते ही हम प्राथमिकता से विद्युत विहीन परिवारों को घर घर बिजली भिजवाएंगे. परिणाम स्वरूप आम जनमानस ने बहुमत के साथ सांसद के रूप ने अनिता चौहान को वोट देकर जिताया और कैबिनेट मंत्री एवं सांसद ने भी अपने वादे को पूरा करते हुए रतलाम झाबुआ आलीराजपुर के विद्युत विहीन 8263 परिवारों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 39.79 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिया. इस संबंध में केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने सांसद अनिता चौहान को पत्र लिख कर राशि स्वीकृत होने की जानकारी दी.

### कहा कितने परिवार होंगे शामिल

कैबिनेट मंत्री चौहान एवं सांसद चौहान के प्रयासों से स्वीकृत उक्त विद्युतीकरण कार्यों हेतु धरती आबा योजना अंतर्गत संसदीय क्षेत्र में 8263 परिवारों का चयन किया गया. जिसमें रतलाम जिले से 2263 परिवार, झाबुआ जिले से 2590 परिवार एवं आलीराजपुर जिले के 3410 परिवार जो विद्युत विहीन थे, उनके घर घर तक विद्युतीकरण कर कनेक्शन दिए जाएंगे. आलीराजपुर जिले में 3410 परिवारों में से 1551 परिवार आलीराजपुर विधानसभा के होकर इनके लिए 6 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं वहीं जोबट विधानसभा के 1859 परिवारों के घर विद्युत पहुंचेगी, जिसके लिए 8 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं.

### विद्युत विहीन परिवारों की बनाई सूची, दिया मूर्त रूप

मंत्री सांसद हेल्पलाइन प्रभारी एवं विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पूरे संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव पूर्व ही अपने स्तर से विद्युत विहीन परिवारों की सूची तैयार करवाई. जिसे सांसद अनिता चौहान ने केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल को 30 जनवरी को पत्र प्रेषित कर संसदीय क्षेत्र रतलाम झाबुआ आलीराजपुर के विद्युत विहीन परिवारों तक विद्युतीकरण का अनुरोध किया. जिसपर केंद्रीय विद्युत विभाग द्वारा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से सर्वे करवाया. जांच उपरांत केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने सांसद अनिता चौहान को पत्र प्रेषित कर बताया कि संसदीय क्षेत्र के रतलाम झाबुआ आलीराजपुर जिले में 8264 परिवारों के लिए 39.79 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए. जिसके टेंडर होने के साथ कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है.

## ई-टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया बताई

**जबलपुर.** पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जबलपुर जिले में लागू की गई उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली के अंतर्गत सोमवार को पाटन के कम्प्यूटर सेंटर्स के संचालकों तथा निजी उर्वरक विक्रेताओं को ई-टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया समझाई गई. कम्प्यूटर सेंटर्स के संचालकों को पोर्टल एवं क्यूआर कोड के माध्यम से उर्वरक वितरण हेतु किसानों को ई-टोकन जारी करने के प्रत्येक पहलू की विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने कम्प्यूटर सेंटर्स के संचालकों एवं उर्वरक के निजी विक्रेताओं को अपने यहां किसानों की सुविधा के मद्देनजर ई-टोकन जनरेट करने के लिये क्यूआर कोड चस्पा करने के निर्देश भी दिये.

# मुझे नहीं लगता कि जो मैंने किया वह गलत है : मेश्राम

### एससी-एसटी एक्ट के केस में विधायक बताने लगे भाईचारा

**सिंगरौली 6 अक्टूबर. न्यायालय ने मुझसे पूछा की आपकी क्या मंशा है, मैने कहा कि कानून का राज होना चाहिए, क्योंकि भास्कर मिश्रा मेरा छोटा भाई है, वह जेल में रहे. मेरी ऐसी पहले भी भावना नही थी और ना ही आज भी है.**

उन्हें जमानत दे दी जाये, राजनैतिक मुद्दे हैं, हम अपने तरीके से लड़ेंगे. ऐसे मेरी कोई व्यैमनस्यता नही है. उक्त बातें देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम ने जिला न्यायालय में बयान देने के बाद बाहर आये, मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब देते हुये कही. विधायक ने कहा कि वीडियो सभी लोगों ने सुना होगा, तो मुझे नही लगता कि जो मैने किया वह गलत किया है. कांग्रेस नेता देवेन्द्र पाठक को पूर्व में भरे मंच में अपमानित एवं गलत शब्दों का इस्तेमाल किये जाने के बात को लेकर विधायक ने गोलमाल जवाब देने लगे. उन्होंने कहा कि वह मामला न्यायालय में विचाराधीन है. इसलिए अभी इस पर कुछ भी नही कहेंगे. फोरलेन सड़क के मामले में विधायक ने कहा बरगवां से परसौना, एवं माड़ा तक फोरलेन सड़क बनाने के लिए दो महीने पूर्व सरई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा की गई है.

# 3 टन मछली जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 6 अक्टूबर. भानपुरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 3,920 किलो अवैध मछली और परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को जब्त किया है.**

पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीना के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कुरील एवं गरोठ विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भानपुरा आर.सी. दांगी और चौकी प्रभारी भैसोदामंडी बलवीरसिंह यादव की टीम ने कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार, मुखबीर से सूचना मिली कि टाटा कंपनी के ट्रक में चंबल नदी से अवैध मछली लेकर तीन आरोपी गुजरात की ओर जा रहे हैं. पुलिस ने ट्रक चेक किया और 3,920 किलो मछली कीमत लगभग 3,00,000 और ट्रक जब्त



किया. गिरफ्तार आरोपियों में अल्ताफ पिता उमरशेख, उम्र 57 वर्ष, ग्राम वेरावल, जिला गिर सोमनाथ, गुजरात. जुबेर पिता जावेद, उम्र 40 वर्ष, ग्राम वेरावल, जिला गिर सोमनाथ, गुजरात. राकेश पिता किशनलाल, उम्र 50 वर्ष, इंदौर शामिल है. अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है. पुलिस मछली के स्रोत और संभावित खपतकर्ताओं की भी पूछताछ कर रही है.

**भूमिपूजन** | कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने ग्राम कमलखेड़ा में 3 .50 करोड़ की लागत से बनेगा

# नवीन विद्युत ग्रिड निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

**झाबुआ, 6 अक्टूबर. कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग निर्मला भूरिया ने पेटलावद क्षेत्र के ग्राम कमलखेड़ा में 3.50 करोड़ की लागत से नवीन 5 एमबीए 33/11 केवी ग्रिड का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया.**

इस ग्रिड में 33 केवी 2.0 किलोमीटर लाइन एच-बीम पर, 15 किलोमीटर 33 केवी लाइन पीसीसी पर तथा 1 किलोमीटर 11 केवी लाइन एच-बीम पर एवं 12 किलोमीटर 11 केवी लाइन पीसीसी पर निर्मित की जाएगी. इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री भूरिया ने कहा कि नवीन विद्युत



ग्रिड के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 12 ग्रामों के करीब 600 कृषकों को लाभ मिलेगा. उन्होंने बताया कि ग्रिड प्रारंभ होने से रबी सीजन के दौरान सिंचाई हेतु पर्याप्त वोल्टेज प्राप्त होगा.

### जल्द शुरू होगा ऑडिटोरियम निर्माण कार्य

**छिंदवाड़ा.** नगर निगम के महापौर विक्रम सिंह अहके ने भोपाल में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भेंट की. इस दौरान महापौर ने शहर के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से छिंदवाड़ा में ऑडिटोरियम निर्माण के विषय को प्रमुखता से रखा. महापौर अहके ने मंत्री जी को अवगत कराया कि इस ऑडिटोरियम के निर्माण की घोषणा अगस्त 2023 में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार दिवस एवं मेला सम्मेलन में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी. उन्होंने बताया कि यह परियोजना शहर के सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है. इस अवसर पर माननीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आश्वासन दिया कि ऑडिटोरियम निर्माण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा, ताकि निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो सके. उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा जैसे प्रगतिशील शहर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त ऑडिटोरियम का निर्माण नागरिकों के लिए एक उपहार होगा.

# विस्तार कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

- 321 करोड़ रूपये की लागत हो रहे निर्माण कार्य
- अधिकारियों से अद्यतन प्रगति की जानकारी ली

**रीवा, 6 अक्टूबर, श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में 321 करोड़ रूपये की लागत से एमसीएच के नये भवन के साथ ही नर्सिंग कॉलेज, रेसीडेंसिगल क्वार्टस, हास्टल, मर्टीलेबल पार्किंग आदि निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं.**

इसी क्रम में पूर्व के संचालित अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार कर उसे नवीन स्वरूप दिया जायेगा. अस्पताल परिसर में 200 विस्तर का कैंसर अस्पताल



निर्माणाधीन है. कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए अद्यतन प्रगति की जानकारी ली तथा निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि पूरी गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण करायें. कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कैंसर अस्पताल एवं जी प्लस 7 एमसीएच बिधल्डग के कार्यों की समीक्षा की. बैठक में एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ल, डीजीएम भवन विकास अजय ठाकुर सहित चिकित्सक उपस्थित रहे.